डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-75/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/परीक्षा/2021–22 दिनांकः–28 जून, 2021

## अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) परीक्षा, (मई, 2021 के अन्तर्गत) जुलाई–अगस्त, 2021 हेतु ऑनलाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2020–21 में संचालित **परास्नातक/स्नातक/डिप्लोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर)/वर्ष में अध्ययनरत् विद्यार्थियों** को सूचित किया जाता है कि उनकी अन्तिम अधिसत्र परीक्षा (मई, 2021 के अन्तर्गत) जुलाई–अगस्त, 2021 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। तत्सम्बन्ध में परीक्षा समय–सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है। विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं के संचालित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये विश्वविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन **परीक्षा आवेदन हेतु तिथि 28.06.2021 से 06.07.2021 तक निर्धारित की जाती हैं।** उक्त निर्धारित तिथि तक सम्बन्धित विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते हुए आवेदन की हार्ड कापी सम्बन्धित विभाग/सम्बद्ध संस्थान में जमा करना सुनिश्चित करें तथा उसकी स्वहस्ताक्षरित एक प्रति अपने पास अवश्य सुरक्षित रखेंगे।

2) **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं** के सम्बन्ध में आवेदन करने वाले विद्यार्थी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में निर्धारित परीक्षा शुल्क की धनराशि को RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑनलाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी।

3) इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के द्वितीय तल स्थित एकेडमिक ब्लॉक ए–2 से सम्बद्ध काउण्टर पर निःशुल्क व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित तिथि 06.07.2021 को विस्तारित किया जाना संभव नहीं होगा। अतः परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।

4) परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक स्वयं भरें। विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर उन्हें नहीं प्रदान किया जायेगा।

5) परीक्षार्थी को कोविड–19 वैक्सीन लगी है या नहीं इसका उल्लेख परीक्षा ऑनलाइन आवेदन में अवश्य करें।

6) परीक्षा समिति की नवम् बैठक दिनाँक 18.06.2021 के बिन्दु संख्या–3/9 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में परीक्षार्थियों को अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर)/वर्ष की परीक्षा माह जुलाई–अगस्त के ऑनलाइन आवेदन के साथ–साथ डिग्री हेतु वांछित प्रपत्र एवं डिग्री आवेदन शुल्क धनराशि रू0 600/– के साथ डिग्री हेतु ऑनलाइन आवेदन करना भी अनिवार्य है।

7) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

8) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।

5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र/प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र/प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KB साइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-73/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/परीक्षा/2021–22 दिनांकः–28 जून, 2021

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 07.07.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के संबंधित प्राचार्य को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) सूचीबद्ध विवरण सहित अपने कार्यालय में सुरक्षित रखे तथा उसकी साफ्ट कॉपी अधोहस्ताक्षरी की ई–मेल coe@dsmnru.ac.in पर दिनाँक 07.07.2021 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

28/6/21
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक